# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE :- 19 January, 2026

## MCU NEWS

# एमसीयू में पीएचडी में प्रवेश फिर शुरू

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में लगभग आठ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद शोध उपाधि (पीएचडी) में प्रवेश फिर से शुरू हो गए हैं। इसके लिए गत दिवस विज्ञापन जारी किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। ज्ञात होकि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी विज्ञापन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जनसंचार, नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग, मीडिया प्रबंधन एवं पुस्तकालय विज्ञान विषयों में 80 से ज्यादा सीटों पर प्रवेश प्रस्तावित किया गया है। विवि अनुदान आयोग के नवीनतम नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
PEOPLES SAMCHAR 19-01-2026